**महत्वपूर्ण निर्देश**

छत्तीसगढ़ शासन
वित्त विभाग
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक 2133A/ब–4/2020 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 31/03/2020

प्रति,

(1) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
(2) अध्यक्ष, राजस्व मण्डल
(3) समस्त विभागाध्यक्ष/बजट नियंत्रण अधिकारी
(4) समस्त आहरण संवितरण अधिकारी
(5) समस्त कोषालय अधिकारी

विषयः– मुख्यमंत्री राहत कोष में स्वेच्छा से योगदान हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों के मार्च 2020 से एक दिन के वेतन राशि कटौत्रा के संबंध में।

––00––

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के आदेश क्रमांक 167 दिनांक 31.03.2020 के अनुक्रम में मुख्यमंत्री राहत कोष में स्वेच्छा से योगदान हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों के मार्च 2020 से एक या एक से अधिक दिन के वेतन की राशि (अधिकारी/कर्मचारी की स्वेच्छा से) कटौत्रा करके निम्नानुसार बजट शीर्ष में जमा करने की सुविधा ई–पेरोल सॉफ्टवेयर के utilities menu के अंतर्गत relief fund update option में उपलब्ध करा दी गई हैः–

| |
|---|
| **मुख्य शीर्ष – 8443–सिविल जमा राशियां** |
| **लघु शीर्ष – {800}–अन्य जमा** |
| **योजना क्रमांक – (0001) – मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा** |

2/ कटौत्रा सहित वेतन देयक तैयार कर कोषालय में प्रस्तुत करने का दायित्व संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी का होगा। इस संबंध में विभिन्न कर्मचारी/अधिकारी संघों से प्राप्त ज्ञापन की प्रति भी सूचनार्थ संलग्न है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

(ऋषभ पाराशर)
अवर सचिव

पृ. क्रमांक 2134A /ब–4/2020 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 31/03/2020

प्रतिलिपिः–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा, रायपुर
3. अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, अटल नगर
4. रजिस्ट्रार जनरल, महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर
5. सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, मानव अधिकार आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग, लोक आयोग, रायपुर
6. निज सचिव/निज सहायक, मंत्री/राज्यमंत्री, छत्तीसगढ़
7. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, बलोदाबाजार रोड, जीरो प्वाइंट, रायपुर
8. मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के उपसचिव, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
9. अपर मुख्य सचिव, वित्त के स्टाफ आफिसर, मंत्रालय
10. सचिव, वित्त के निज सहायक, मंत्रालय
11. संचालक, बजट के निज सहायक, मंत्रालय
12. संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर
13. महालेखाकार, छत्तीसगढ़, बलौदाबाजर रोड़, जीरो प्वाइंट, रायपुर
14. समस्त संभागायुक्त, छत्तीसगढ़
15. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, रायपुर
16. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली
17. राज्य सूचना आयुक्त, सेक्टर–19, नार्थ ब्लाक, अटल नगर
18. समस्त जिलाध्यक्ष, छत्तीसगढ़
19. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, छत्तीसगढ़
20. समस्त प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला, रायपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़
21. संचालक, शासकीय लेखन सामग्री एवं मुद्रण, अटल नगर
22. संचालक, वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, अटल नगर को वित्त विभाग की वेबसाईट www.cgfinance.nic.in में अपलोड करने हेतु
23. राज्य सूचना अधिकारी, एन.आई.सी. की ओर प्रेषित कर लेख है कि कृपया E-Kosh साफ्टवेयर में वेतन देयक से की गयी कटौती राशि के लोक लेखा जमा शीर्ष में संपूर्ण राशि का विवरण वित्त विभाग को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।
24. वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, इन्द्रावती कोषालय अधिकारी को उपरोक्त लोक लेखा जमा शीर्ष (मुख्यमंत्री राहत कोष) में जमा राशि को (एन.आई.सी. के माध्यम से E-Kosh से प्राप्त जमा राशि के विवरण अनुसार) आहरित कर बैंकर्स चेक/RTGS के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष के बैंक खाते में जमा कराएं।
25. ........................................................................................................................संबंधित अधिकारी/कर्मचारी संघ की ओर सूचनार्थ।

अवर सचिव

# अतिथि शिक्षक (विद्यामितान) संघ, छत्तीसगढ़


**प्रांतीय अध्यक्ष**
**अंजू वर्मा**
8319659620

**संरक्षक**
**धर्मेंद्र वैष्णव**
7354105571

**सलाहकार**
**भूपेंद्र वर्मा**
8770870162

**कोषाध्यक्ष**
**उमेश कश्यप**
6268189431

**राज्य पदाधिकारी**

राकेश राय
आर के हिरवानी
तुलसी कश्यप
धनंजय चौर्गे
दानेश्वर साहू
अंजू चंद्राकर
राज यादव

**संभाग पदाधिकारी**

तेजराम देशमुख
उत्तम साहू
रानी पुष्पा
शेखर सोनी
डॉ. मेश्राम
सूरज साहू
राजन कर
यशवंत साहू
संगीता साहू
संगम सिन्हा
किरण ठाकुर
त्रिभुवन साहू


प्रति,

माननीय श्री भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन रायपुर

विषय - कोरोना वायरस (COVID -19) के रोकथाम हेतु सहयोग राशि के रूप में 1 दिवस का वेतन मुख्यमंत्री सहायता राहत कोष में जमा करने बाबत।

महोदय जी ,

उपरोक्त विषय अंतर्गत लेख है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण पूरे छत्तीसगढ़ में कर्फ्यू जैसे हालात है , इस महामारी से लड़ने / बचाव हेतु आपने जो भी निर्णय लिए है वह सराहनीय है। जिस निर्णय में अतिथि शिक्षक (विद्यामितान) शिक्षक कल्याण संघ आपके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े है एवं इस महामारी में अपनी सहभागिता देना चाहते है ,इस हेतु हम अतिथि शिक्षक (विद्यामितान) अपनी स्वेछा से एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता राहत कोष में जमा करने का निर्णय लिए है।

अतः आपसे निवेदन है कि तत्काल ट्रेजरी से एक दिवस का वेतन काटने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने कि कृपा करे ,साथ ही आपदा कि इस घड़ी में अतिथि शिक्षक (विद्यामितान) संघ आगामी किसी भी प्रकार के सहयोग हेतु तत्पर है।

दिनांक - 26/03/2020
स्थान - रायपुर

26/03/2020
अंजू वर्मा
प्रदेश अध्यक्ष
छ.ग. अतिथि शिक्षक (विद्यामितान) संघ

टीप:- 2500 × 600 रु. = 15 लाख रु.
शासन को संघ के माध्यम से प्रदान की जाती है।

प्रतिलिपि -
1 . श्रीमान मुख्यसचिव, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर
2 . श्रीमान प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर
3 . श्रीमान संचालक, लोक शिक्षण संचनालय छत्तीसगढ़ रायपुर
4. श्रीमान समस्त जिला कलेक्टर, छत्तीसगढ़, रायपुर

Scanned with CamScanner

# छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ

पंजीयन क्रमांक सं.रा./ जिला–रायपुर 20/12/01/2001

अध्यक्ष :
श्री आशुतोष पाण्डेय

✳

उपाध्यक्ष :
श्री जोगेन्द्र नायक
रायपुर संभाग

श्री उमाशंकर अग्रवाल
दुर्ग संभाग

श्री रामप्रसाद चौहान
बस्तर संभाग

श्री शिव बनर्जी
सरगुजा संभाग

श्री इंद्रजीत बरमन
बिलासपुर संभाग

श्रीमती पूनम सोनी
मंत्रालय स्तर

✳

महासचिव :
श्री सचिन भुतड़ा

✳

कोषाध्यक्ष :
श्री हरवंश सिंह मिरी

क्रमांक memo/3.2020/02 दिनांक 27.03.2020

प्रति,

माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
सहायता कोष

विषय :– प्रशासनिक सेवा संघ के समस्त अधिकारियों द्वारा एक दिन का वेतन मान.मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करने बाबत्।

——000——

छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के समस्त अधिकारियों ने अपने एक दिन का वेतन प्रदेश के दैनिक वेतनभोगी और जरूरतमंदों की मदद के लिए संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री सहायता कोष में देने की घोषणा की है। कोविड 19 के दौरान इस विपरीत परिस्थिति में प्रदेश के समस्त अधिकारी समाज के नागरिकों के साथ है। और उनको बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।

27.03.2020

आशुतोष पाण्डेय
अध्यक्ष
राज्य प्रशासनिक सेवा संघ
गृह निर्माण सहकारी समिति
मर्यादित, रायपुर

PHOTOCALLATTER

प्रति

माननीय भूपेश बघेल जी

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन

प्रांतीय सचिव — पंजीयन क्रमांक 122201859545 — प्रांताध्यक्ष

मो. 9977070642 — मो. 9589595294

क्रमांक : 0143 — दिनांक 27/03/2020

प्रति

मुख्यसचिव जी

छ ग शासन

विषय  कोरोना वायरस से प्रभावितो के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में सहयोग बाबत।

महोदय

छ ग सहायक शिक्षक फेडरेशन के समस्त सहायक शिक्षक संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार के साथ है।माननीय महोदय छ ग सहायक शिक्षक फेडरेशन का प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते में स्वयं 11 दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में प्रदान करुगा साथ ही छ ग सहायक शिक्षक फेडरेशन के समस्त सहायक शिक्षक साथी अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में प्रदान करेंगे ।

महोदय संकट की इस घड़ी में हर सहायक शिक्षक राज्य सरकार के साथ है। आवश्यकता पड़ने पर हर तरह से सहयोग करने के लिए सदैव तैयार है।

जय हिंद।

मनीष मिश्रा

प्रदेश अध्यक्ष

छ ग सहायक शिक्षक फेडरेशन।

प्रदेश अध्यक्ष
मनीष मिश्रा
छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन

# कोटवार एशोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़

प्रांतीय कार्यालय – कर्मचारी भवन, बूढ़ापारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. : 0771-2235624

पं. क्र. 40

नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर
प्रमुख संरक्षक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
अखिल भारतीय राज्य कर्म. महासंघ

राकेश साहू
संरक्षक एवं प्रांताध्यक्ष
तृतीय वर्ग शास. कर्म. संघ

अनिल श्रीवास्तव
सलाहकार एवं महामंत्री
छ.ग. तृतीय वर्ग शास. कर्म. संघ

प्रेम किशोर वाघ
प्रांताध्यक्ष
मो. 94242-11725
97542-14614

त्रिभुवनदास मानिकपुरी
प्रांतीय उपाध्यक्ष

नागेश्वर सिंह चौहान
प्रांतीय सचिव
मो. 9754669941

भूषणदास मानिकपुरी
प्रांतीय कोषाध्यक्ष

प्रेमदास मानिकपुरी
प्रांतीय महामंत्री

वेदराम चौहान
लल्ला सिंह चौहान
संगठन मंत्री

मानिकदास मानिकपुरी
कार्यालयीन सचिव


क्रमांक 14/को.एसो./2020

दिनांक 27/03/2020

प्रति,
मानानीय भूपेश बघेल जी,
मुख्य मंत्री, छ०ग० शासन
रायपुर (छ०ग०)

द्वारा:- सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
मंत्रालय, नया रायपुर (छ०ग०)

विषय :- प्रदेश के कोटवारों की ओर से मुख्य मंत्री राहत कोष में राशि जमा करने विषयक

महोदय,

यह सर्व विदित है कि वर्तमान में कोरोनावायरस के दुष्प्रभाव से पुरा देश प्रभावित है तथा देश की जनता दहशत में है, हमारा छ०ग० प्रदेश भी इस संक्रमण की चपेट में है। ऐसे संकट के समय में केन्द्र व राज्य शासन द्वारा लॉक डाऊन जैसा कठोर निर्णय लिया जाना निश्चित जरूरी व सराहनीय कदम है।

महोदय प्रदेश के लगभग 15000 (पन्द्रह हजार) कोटवार भी शासन द्वारा लिये गये निर्णय व निर्देशों के पालनार्थ अपने-अपने कार्य क्षेत्र में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसी संकट की घड़ी में सभी वर्ग किसी न किसी रूप में शासन के साथ मिलकर इस संक्रमण के बचाव के लिये आगे आकर सहयोग कर रहे हैं।

कोटवार एसोसिएशन ऑफ छ०ग० के प्रांतीय संघर्ष समिति के निर्णयानुसार प्रदेश के कोटवार भी यथा सम्भव आर्थिक सहयोग के लिये अपनी पारिश्रमिक राशि में से 150:00 एक सौ पचास रूपये प्रति कोटवार देने को तैय्यार हैं

— क्रमशः 2 —

जिलाध्यक्षगण : दिनेश कुमार चौहान (रायपुर), लल्ला सिंह (प्रभारी दुर्ग), बलराम सिंह (ब. बाजार), शिवकुमार (राजनांदगांव), श्यामलाल (रायगढ़), शांति दास (चांपा-जांजगीर), टंडनदास (महासमुंद), चन्द्रोराम (जगदलपुर), राजेन्द्र नागरची (धमतरी), केजूराम सोनवानी (बालोद), धनेश्वर जगत (गरियाबंद), महेश मानिकपुरी (कोण्डागांव), बालचंद (नारायणपुर), रामसाय (दन्तेवाड़ा), सहदेव (सुकमा), सोमारसाय (कोरिया), धरम खण्डे (सरगुजा), संतोष मानिकपुरी (मुंगेली), श्यामसुन्दर (बिलासपुर), भगत सत्यम (बीजापुर), सुरेश कुमार (कवर्धा), मनोहरलाल (जशपुर) एवं समस्त तहसील अध्यक्ष कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़

।। अलङ्घनीया खलु संघशक्तिः ।।
||| शिक्षक (पंचायत/न.नि.) संघर्ष समिति |||
# शालेय शिक्षाकर्मी संघ
पंजीयन क्रमांक -1708, रायपुर (छत्तीसगढ़)
वीरेन्द्र दुबे
प्रदेश अध्यक्ष
प्रांतीय संचालक
निवास : 34, स्टेट बैंक कालोनी, सुन्दर नगर-रायपुर (छ.ग.) मोबा. 94255-17231, 8253063343 (PP)

**क्रमांक :- RPR/SSKS/2020/49** **दिनांक:- 25/03/2020**

प्रति,

1. प्रमुख सचिव महोदय
   स्कुल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, नवा रायपुर.
2. संचालक महोदय
   लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर

विषय :- मुख्यमंत्री राहत कोष में एक दिन का वेतन दिए जाने बाबत.
संदर्भ :- कोरोना वैश्विक महामारी एवं मान. मुख्यमंत्री जी का अपील

महोदय जी,

संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि देश में व्याप्त कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न स्थितियों को देखते हुए प्रदेश के मान.मुख्यमंत्री महोदय ने सहायतार्थ अपील की है, इस संदर्भ में संगठन शिक्षकों का एक दिन का वेतन विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान करने हेतु सहमत है.

कृपया इस दिशा में अविलम्ब कार्यवाही करने का कष्ट करेंगे.

Dubey

दिनांक :- **25/03/2020**
स्थान :- **रायपुर**

**वीरेंद्र दुबे**
**(प्रांताध्यक्ष)**
**शालेय शिक्षाकर्मी संघ रायपुर**

**प्रतिलिपि :-**

1. **निज सचिव, मान. मुख्यमंत्री कार्यालय रायपुर को सूचनार्थ.**

राष्ट्रहित

छात्रहित

शिक्षहित

# छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ

पंजीयन क्रमांक : 122201822055
E-mail: cgsms55@gmail.com

कार्यालय : शिवाजी स्कूल के पास, हनुमान मंदिर की अगली गली, महामाया विहार, रोहणीपुरम, रायपुर (छ.ग.)

• प्रांताध्यक्ष •
नान्हीदास दीवान
मो.नं. 9981133152
7000969693
E-mail : [illegible]

• महासचिव •
राजेश कुमार अम्बस्थ
मो.नं. 9425572657
8770326892
E-mail : [illegible]

• कोषाध्यक्ष •
दीपीर पटेल
मो.नं. 8839086410
9826728239

• विधिक सलाहकार •
राकेश कुमार झा
अधिवक्ता
उच्च न्यायालय
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9826156410

क्रमांक 06/2020

दिनांक 27.3.2020

प्रति,

1. माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर
2. श्रीमान् मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर
3. श्रीमान् प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर
4. श्रीमान् संचालक लोक शिक्षण संचनालय छत्तीसगढ़, रायपुर

विषय: मुख्यमंत्री सहायता कोष में एक दिन की वेतन की कटौती कर जमा करने बावत।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि, इस समय सम्पूर्ण विश्व में नोवेल कोरोना वायरस ने कहर ढाया हुआ है ऐसे में भारत के सभी राज्यों छत्तीसगढ़ में भी यह तेजी से अपनी विकरालता की ओर बढ़ रही है।इस वैश्विक महामारी के संक्रमण की रोकथाम में शासन/प्रशासन के हर पहल के साथ छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ आपके साथ खड़ा है। इस कोरोना वायरस महामारी के बढ़ते प्रकोप से देश को सुरक्षित रखने के लिये सम्पूर्ण देश में 21 दिन का लॉकडाउन से सबसे बड़ी समस्या हमारे उन गरीब भाई बहनो को हो रहा है जो नित्य मजदूरी से अपना जीवन निर्वाह करते है।उनकी सहायता हेतु छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ ने निश्चित किया है कि,शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी सदस्य शिक्षकों का एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कर लिया जाये।

अतः आपसे निवेदन है कि, माह मार्च 2020 के वेतन से एक दिन का वेतन काटने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

(हस्ताक्षर)

नान्हीदास दीवान
प्रांताध्यक्ष
छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ

# कोटवार एशोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़

प्रांतीय कार्यालय – कर्मचारी भवन, बूढ़ापारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. : 0771-2235624

पं. क्र. 40

**नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर**
प्रमुख संरक्षक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
अखिल भारतीय राज्य कर्म. महासंघ

**राकेश साहू**
संरक्षक एवं प्रांताध्यक्ष
तृतीय वर्ग शास. कर्म. संघ

**अनिल श्रीवास्तव**
सलाहकार एवं महामंत्री
छ.ग. तृतीय वर्ग शास. कर्म. संघ

**प्रेम किशोर बाघ**
प्रांताध्यक्ष
मो. 94242-11725
97542-14614

**त्रिभुवनदास मानिकपुरी**
प्रांतीय उपाध्यक्ष

**नागेश्वर सिंह चौहान**
प्रांतीय सचिव
मो. 9754669641

**भूषणदास मानिकपुरी**
प्रांतीय कोषाध्यक्ष

**प्रेमदास मानिकपुरी**
प्रांतीय महामंत्री

**वेदराम चौहान**

**ललला सिंह चौहान**
संगठन मंत्री

**मानिकदास मानिकपुरी**
कार्यालयीन सचिव



क्रमांक 14/को.एसो./2020 दिनांक 27/03/2020

चुंकी वर्तमान परिस्थिति में राशि एकत्रित किया जाना सम्भव नहीं है अत: निवेदन है कि सभी जिला कलेक्टरों के माध्यम से जिलेवार कोटवारों को मानदेय के रूप में आंबटित राशि में से प्रति कोटवार 150=00 एक सौ पचास रूपये काट कर उक्त राशि को मुख्य मंत्री राहत कोष में भिजवाये जाने संबंधी उचित कार्यवाही करने की कृपा करेंगे।

धन्यवाद

भवदीय
(हस्ताक्षर) 27/03/2020
(प्रेम किशोर बाघ)
प्रांताध्यक्ष
कोटवार एसो. ऑफ छ.ग.
कर्मचारी भवन बुढ़ापारा, रायपुर

जिलाध्यक्षगण : दिनेश कुमार चौहान (रायपुर), लल्ला सिंह (प्रभारी दुर्ग), बलराम सिंह (ब. बाजार), शिवकुमार (राजनांदगांव), श्यामलाल (रायगढ़), धनेश्वर जगत शांति दास (चांपा-जांजगीर), टंडनदास (महासमुंद), चन्द्रोराम (जगदलपुर), राजेन्द्र नागरची (धमतरी), फेजूराम सोनवानी (बालोद), धरम खण्डे (गरियाबंद), महेश मानिकपुरी (कोण्डागांव), बालचंद (नारायणपुर), रामसाय (दन्तेवाड़ा), सहदेव (सुकमा), सोमारसाय (कोरिया), मनोहरलाल (जशपुर) एवं समस्त (सरगुजा), संतोष मानिकपुरी (मुंगेली), श्यामसुन्दर (बिलासपुर), भगत सत्यम (बीजापुर), सुरेश कुमार (कवर्धा), तहसील अध्यक्ष कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़

सी. के. खेतान
आई.ए.एस.
अध्यक्ष

राजस्व मण्डल, छत्तीसगढ़, बिलासपुर

अर्द्ध शास. पत्र क्र. ........................
बिलासपुर/रायपुर दिनांक 30.03.2020

To,

Hon. Shri Bhupesh Baghel ji,

Chief Minister,

Chhattisgarh

Subject: One day salary contribution to CM Relief Fund for COVID 19

Respected Sir,

Chhattisgarh IAS Association has decided that all the members of Chhattisgarh will contribute one day salary to CM Relief Fund to support you in the fight of COVID 19. You are leading from the front and all IAS Officers are also part of your team. All the Government Servants, from All India Service to Class IV employees, are supporting you in your determined fight with dangerous COVID 19.

We are, in a very tiny way, supporting you in your all-out efforts. We are sure that we will overcome this crisis very soon.

With regards,

Chittaranjan Khaitan

President

Chhattisgarh IAS Association.

पंजीयन क्रमांक - 122202013172/दिनांक 18.03.2020

# शासकीय अधिकारी–कर्मचारी फेडरेशन, छत्तीसगढ़

(छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत कर्मचारी-अधिकारी संगठनों का प्रतिनिधि संगठन)


| ◆ संरक्षक ◆ | ◆ महासचिव ◆ | ◆ संयोजक ◆ |
|---|---|---|
| नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर | ओ. पी. शर्मा | अनिल शुक्ला |
| मो. 94252-02728 | मो. 94252-07576 | मो. 98271-72207 |

कार्यालय - अर्जुन नगर, पुराना मंत्रालय भवन के सामने (प्रांतीय कार्यालय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ), रायपुर-छत्तीसगढ़


पत्र क्रमांक : 00 | दिनांक 25/3/2020

प्रति,

मान. श्री भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

विषय :- छत्तीसगढ़ शासन के समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करने बाबत्।

महोदय,

कोरोना वायरस जैसी गंभीर संक्रामक बीमारी से हमारा छत्तीसगढ़ राज्य भी संघर्ष कर रहा है। 21 दिन के राष्ट्रव्यापी लाक डाउन से प्रदेश गरीब मजदूर एवं श्रमिक वर्ग के सामने गंभीर आर्थिक संकट हो गया।

अतः राज्य के शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी इस संकट की घड़ी में राज्य शासन के साथ है तथा सभी मोर्चे पर सहयोग के लिये तत्पर है।

शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन से सम्बद्ध राज्य के समस्त मान्यता प्राप्त एवं गैरमान्यता प्राप्त पंजीकृत कर्मचारी-अधिकारी संगठनों के प्रान्ताध्यक्षों ने माह अप्रैल 2020 का एक दिन का वेतन मुख्य मंत्री सहायता कोष में जमा करने का निर्णय लिया है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि उपरोक्त संदर्भ में माननीय मुख्य सचिव जी को आवश्यक कार्यवाही हेतु उचित निर्देश जारी करने की कृपा करेंगे।

धन्यवाद

भवदीय
(हस्ताक्षर)
(अनिल शुक्ला)
प्रांतीय संयोजक
मो. 98271-72207

संबद्ध संगठन : छ.ग. अराजपत्रित कर्म. संघ, छ.ग. शिक्षक कांग्रेस, छ.ग. प्रदेश स्वास्थ्य कर्म. संघ, छ.ग. तृतीय वर्ग शासन कर्म. संघ, छ.ग. प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्म. संघ, छ.ग. पटवारी संघ, छ.ग. कर्मचारी संघ, छ.ग. लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्म. संघ, छ.ग. सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ, छ.ग. मैदानी स्वास्थ्य कर्म. संघ, छ.ग. शासकीय लघु वेतन कर्म. संघ, अनुसूचित जाति/जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्म. संघ (अजाक्स), छ.ग. सचिवालयीन [?] (विभागाध्यक्ष) शास. कर्म. संघ, प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ, छ.ग. शासकीय चिकित्सक संघ, छ.ग. विद्यालयीन शिक्षक कर्मचारी संघ, छ.ग. प्रदेश शासन/अर्धशासन वाहन चालक/यांत्रिकी कर्म. संघ, छ.ग. प्रदेश कोषालयीन शासन कर्म. संघ, छ.ग. प्रदेश स्नातकोत्तर कल्याण संघ, छ.ग. संयुक्त शिक्षाकर्मी संघ, छ.ग. नवीन शिक्षा कर्मी संघ, छ.ग. अनुदान प्राप्त शिक्षक कर्मचारी संघ, वन विभागीय वाहन चालक/कर्मचारी संघ, छ.ग. वेतनभोगी कल्याण संघ, छ.ग. संयुक्त ग्रामीण, अनियमित कर्म. संघ

Scanned by CamScanner

पंजी.क्रमांक : 178/रायपुर, दि. 26.03.2001

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त

# छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन

सिटी कार्यालयः मुख्य अभियंता, सिंचाई कार्यालय परिसर, भगत सिंह चौक, सिविल लाईन, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492001

प्रधान कार्यालयः अभियंता भवन, थोक फ्रूट मार्केट के पीछे, देवपुरी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492001


प्रांताध्यक्षः
**ई. आर. के. रिछारिया**
सड़क नं. 6, न्यू शांति नगर,
स्टेट बैंक के पास, रायपुर
मों. 073546-30000

वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्षः
**ई. एच.सी.राठौर**,
एक-01, सिंचाई कॉलोनी,
सिवनी पो. चांपा
जिला – जांजगीर चांपा
मो. 94255-38390

अंकेक्षकः
**ई.आर.एस.पाण्डेय**
एम.आई.जी. डी-12,
हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी,
लाल बाग, जगदलपुर,
जिला-बस्तर
मो. 94242-76663


क्रमांकः Q1

दिनांकः 26-03-2020

प्रति,

मानननीय भूपेश बघेल जी
मुख्य मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर

विषय- छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में एक दिन का वेतन देने बाबत् ।

महोदय,

आज हमारा देश कोरोना वायरस के गंभीर संक्रमण से संघर्ष कर रहा है | हमारा प्रदेश एक कठिन दौर से गुजर रहा है। हमारे संगठन का इतिहास रहा है जब कभी भी कोई राष्ट्रीय विपदा आई है हम हमेशा समाज की भलाई के लिये अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे हैं।

इस आपात स्थिति में किसी भी तरह के आवश्यक कार्य (जैसे वेंटीलेटर खरीदने, स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ोत्तरी आदि) हेतु छ.ग. डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के समस्त अभियंतागण जो प्रदेश के विभिन्न विभागों- जल संसाधन, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्थानीय निकायों में उप अभियंता सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता आदि पद पर कार्यरत हैं। अपने माह अप्रेल के एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करने हेतु सहर्ष सहमति पश्चात निर्णय लिया गया है।

संगठन भविष्य में भी इस विपदा में आपके साथ खड़ा है।

अत: अनुरोध है इस संबध में श्रीमान मुख्य सचिव को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश देने का कष्ट करेगें।

सादर

भवदीय

RK:CM

स्थान - रायपुर

दिनांक – 26-03-2020

**इंजी. आर. के. रिछारिया**
प्रांताध्यक्ष
छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन

# छ.ग. टीचर्स एसोसिएशन

(पंजी.क्र.122201972763)

प्रदेश के समस्त शिक्षकों का सशक्त संगठन

पता- बंगाली पारा, गली नं.-04, नया सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
Email ID : sanjay9424174447@gmail.com

संजय शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष
94241-74447, 88277-72888
फैक्स (07752)414646

क्र. 09/2020 दिनांक ..................

प्रति

1. माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर
2. श्रीमान् मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर
3. श्रीमान् प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर
4. श्रीमान् संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़, रायपुर

विषय : मुख्यमंत्री राहत कोष में एक दिन के वेतन की कटौती कर जमा करने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण छत्तीसगढ़ में कर्फ्यू के हालात है, जिससे मजदूरी करने वाले व निम्न गरीब परिवार जो रोज काम कर जीवकोपार्जन करते है उनके लिए 21 दिन का लॉक-डॉउन कष्टकारक है। रोज काम कर खाने वालों के लिए सहायता की आवश्यकता है, जिसे ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षा विभाग में कार्यरत् संघ के सभी सम्मानीय सदस्य शिक्षकों का एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करने का निर्णय लिया है।

अतः आपसे निवेदन है कि तत्काल ट्रेजरी से वेतन काटने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें। साथ ही आपदा की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन आगामी किसी भी प्रकार के सहयोग हेतु तत्पर है।

दिनांक : 25.03.2020

स्थान : रायपुर

संजय शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन

पंजीयन क्र. 499

# स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ

प्रांतीय कार्यालय- 36/167, लाखे स्कूल के बाजू, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)

| पंकज पाण्डेय | सरित मिश्रा | संरक्षक | सी.के. गुप्ता |
|---|---|---|---|
| प्रांताध्यक्ष | सलाहकार | डॉ. विनय जायसवाल | उप प्रांताध्यक्ष |
| मो. 9300294722 | मो. 9329129974 | विधायक मनेंद्रगढ़ | मो. 9691061431 |


पत्र क्र. 1814      दिनांक 27/03/2020

प्रति,

माननीय श्री टी.एस.सिंह देव जी,
स्वास्थ्य मंत्री,
छत्तीसगढ़ शासन,

विषयः स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का एक दिन का वेतन स्वैच्छिक सहमती लेकर काटने बाबत्।

महोदय,

विषयांतर्गत लेख है कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के संबंध में संघ अनुरोध करता है कि यह जरूरी न कर ऐच्छिक विकल्प लेकर वेतन कटौती की जावे।

स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी तन मन से अपनी सेवायें कोरोना वायरस से लड़ने में कंधे से कंधा मिला कर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे है। इसके बाद भी यदि उनका एक दिन का वेतन उनके बिना अनुमति के काटा जाता है तो यह न्याय संगत नही होगा। जबकि कई राज्यों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को विशेष भत्ता यहाँ तक की 3 माह का वेतन भी अग्रिम में प्रदाय किया जा रहा है।

माननीय महोदय आग्रह है कि बिहार एवं उड़ीसा जैसे राज्यो ने कोरोना जैसी भयावह महामारी से लड़ रहे स्वास्थ्य कर्मीयों के लिये चार माह का अतिरिक्त वेतन/एक माह बोनस जैसी कई सुविधायें उपलब्ध कराई हैं।

अतः सरल हृदय माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जो इस विपदा में 24X7 अपनी सेवायें प्रदान कर रहे है का एक दिन का वेतन न काटते हुये इसे ऐच्छिक घोषित किया जावे एवं अतिरिक्त भत्ते/वेतन हेतु आदेश तत्काल प्रभाव से जारी करने की अशीम कृपा करे ताकि इस महामारी में जुटे हजारों स्वास्थ्य कर्मी अपने सम्पूर्ण मनोबल के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन निर्बाध रूप से कर सकें।

(पंकज पांडे)
प्रांताध्यक्ष

नोट- छ.ग. शासन सा.प्र.वि.(शास.कर्म कल्याण शाखा) के पत्र क्र.1-1/06/1-9 दिनांक 5.7.06 के अनुसार संघ के पत्रों का जवाब देना आवश्यक है।

छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन

कार्यालय-प्लाट नं. ओ/6, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.) 492014

Email : cgfederation2019@gmail.com

कमल वर्मा
संयोजक
मो.नं.-9425509920
7974388672

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजिस्टर्ड
(पंजीयन क्रमांक- 122202017067 रायपुर, दिनांक 16/01/2020)

सुभाष मिश्र
संरक्षक
मो.नं.-9425203900

पत्र क्र. 167 दिनांक 26/3/20

प्रतिष्ठा में,

माननीय श्री आर. पी. मंडल जी
मुख्य सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन
महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर

विषय :- मुख्यमंत्री सहायता कोष में एक दिन का वेतन स्वैच्छिक रूप से देने बाबत् ।

—00—

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि समूचा देश के साथ–साथ हमारा राज्य छत्तीसगढ़ भी नोवेल करोना (कोविड 19) जैसे वैश्विक महामारी से मुकाबला कर रहा है।यद्यपि आपके एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अनिवार्य सेवाओं से संबद्ध सभी अधिकारी–कर्मचारियों के साथ इस चुनौती से निपटने के लिए राजधानी से गांव तक संलग्न हो चुके है तथापि इस महामारी के व्यापक एवं दुरगामी दुष्प्रभाव की संभावना को देखते हुए यह जरूरी होगा कि प्रदेश की विभिन्न सामाजिक संस्थायें, कार्पोरेट संस्थान, स्वयंसेवी इकाईयों भी स्वेच्छा से आगे आकर आर्थिक मदद कर शासन–प्रशासन का हाथ मजबूत करें।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन से संबद्ध अग्रांकित घटक संगठनों क्रमशः प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ, प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ,छ.ग. कर्मचारी कांग्रेस, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन, छ.ग. वन कर्मचारी संघ , छ.ग. लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ, छ.ग. डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, छ.ग. अजाक्स, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी संघ, छ. ग. अपाक्स, छ.ग. सहा. पशु चिकित्सा अधिकारी संघ, छ.ग. लघुवेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, छ.ग. वाहन चालक कर्मचारी संघ, छ.ग. शासकीय लघुवेतन कर्मचारी संघ, छ.ग. स्वास्थ्य एवं बहुद्वेशीय कर्मचारी संघ, अनु. जाति जन जाति अधिकारी कर्मचारी संघ, छ.ग. राजस्व पटवारी संघ, छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ, छ.ग. व्याख्याता संघ, छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ संयुक्त कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य संयोजक संघ, छ.ग. इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक राजपत्रित अधिकारी संघ, छ.ग. नियमित व्याख्याता संघ, छ.ग. अनियमित कर्मचारी संघ, छ.ग. अनियमित संयुक्त कर्मचारी संघ, छ.ग. पर्यवेक्षक संघ, छ.ग. परिचारिका संघ आदि ने इस मौके पर अपनी नैतिक और मानवीय कर्तव्यों पर विश्वास करते हुए अपने एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में देने निर्णय लिया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि माह अप्रैल – 2020 के वेतन से एक–एक दिन का वेतन सीधे मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराने आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करेंगे।

सादर,

आपका ही,
(कमल वर्मा) 26/3/2020
प्रांतीय संयाजक

पंजीयन क्र. 499

# स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ

प्रांतीय कार्यालय- 36/167, लाखे स्कूल के बाजू, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)

पंकज पाण्डेय
प्रांताध्यक्ष
मो. 9300294722

सरित मिश्रा
सलाहकार
मो. 9329129974

संरक्षक
डॉ. विनय जायसवाल
विधायक मनेंद्रगढ़

सी.के. गुप्ता
उप प्रांताध्यक्ष
मो. 9691061431

पत्र क्रं. 1815

दिनांक 27/03/2020

प्रति,

माननीय श्री भुपेश बघेल जी,
मुख्य मंत्री,
छत्तीसगढ़ शासन,

विषयः स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का एक दिन का वेतन स्वैच्छिक सहमती लेकर काटने बाबत्।

महोदय,

विषयांतर्गत लेख है कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के संबंध में संघ अनुरोध करता है कि यह जरूरी न कर ऐच्छिक विकल्प लेकर वेतन कटौती की जावे।

स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी तन मन से अपनी सेवायें कोरोना वायरस से लडने में कंधे से कंधा मिला कर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे है। इसके बाद भी यदि उनका एक दिन का वेतन उनके बिना अनुमति के काटा जाता है तो यह न्याय संगत नही होगा। जबकि कई राज्यों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को विशेष भत्ता यहाँ तक की 3 माह का वेतन भी अग्रिम में प्रदाय किया जा रहा है।

माननीय महोदय आग्रह है कि बिहार एवं उड़ीसा जैसे राज्यो ने कोरोना जैसी भयावह महामारी से लड़ रहे स्वास्थ्य कर्मीयों के लिये चार माह का अतिरिक्त वेतन/एक माह बोनस जैसी कई सुविधायें उपलब्ध कराई हैं।

अतः सरल हृदय माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जो इस विपदा में 24X7 अपनी सेवायें प्रदान कर रहे है का एक दिन का वेतन न काटते हुये इसे ऐच्छिक घोषित किया जावे एवं अतिरिक्त भत्ते/वेतन हेतु आदेश तत्काल प्रभाव से जारी करने की अशीम कृपा करे ताकि इस महामारी में जुटे हजारों स्वास्थ्य कर्मी अपने सम्पूर्ण मनोबल के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन निर्बाध रूप से कर सकें।

P. Pandey

(पंकज पांडे)
प्रांताध्यक्ष